nt>

Title: Need to provide ropeway facility at historical and tourist places in Rajasthan. − Laid

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान की राजधानी जयपुर ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का गढ़ है। नाहरगढ़, जयगढ़, गलता एवं आमेर सभी ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थान है। देश-विदेश के पर्यटकों का जयपुर नगरी में आवागमन रहता है। उपरोक्त ऐतिहासिक स्थलों पर रोपवे (उड़न खटौला) होने से पर्यटकों को बड़ा आराम व आनंद मिलेगा।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पर्यटकों की सुविधा हेतु ऐतिहासिक स्थलों पर रोपवे, उड़न खटौला की व्यवस्था की जाये।